## एक नजर

### वृद्ध महिला का निधन, शोक

**चिनियां।** प्रखंड के पंचायत खुरी निवासी स्वर्गीय विभूति नारायण सिंह की 75 वर्षीय माता श्रद्धा कुंवर का निधन सोमवार की रात्रि 2 बजे हो गई। उनके निधन पर पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। विभूति नारायण सिंह की मौत भी तीन माह पूर्व हुई है। श्रद्धा कुंवर का शव सोमवार को गांव के ही जंगल किनारे स्थित श्मशान घाट पर कर दिया गया है।

# एक ही रात दो घरों में चोरी

## घर का ताला तोड़ कर उड़ाए 12 लाख के आभूषण व नकदी



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** ठंड बढ़ने के साथ ही हुसैनाबाद थाना क्षेत्र चोरी की घटनाओं में भी बढ़ोतरी हुई है। रविवार की रात चोरों ने शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित प्रवीण कुमार सिंह के घर का ताला तोड़ कर आभूषण आदि करीब एक लाख रुपए के सामानों की चोरी कर ली। प्रवीण कुमार सिंह ने हुसैनाबाद थाना को दिए आवेदन में कहा कि वह घर में ताला बंद कर रविवार की शाम अपने महुवरी गांव स्थित अपने पुराने घर चले गए थे। सुबह आए तो गेट का ताला टूटा पाया। घर का सभी सामान बिखरा था। घर में रखे आभूषण वस्त्र समेत सभी कीमती सामान की चोरी हो गई। कचरा गांव निवासी शिलवंत सिंह ने हुसैनाबाद थाना को दिए आवेदन में कहा कि एक ही आंगन में चार भाई व उनका परिवार रहता है। चोर आंगन में प्रवेश कर चारों भाइयों के कमरे से आभूषण नकदी समेत करीब 12 लाख रुपए की संपत्ति चुरा कर ले गए। उन्होंने कहा है कि ठंड अधिक रहने की वजह घर के सभी अपने-अपने कमरे में सो रहे थे। अन्य कमरे से चोरों ने कीमती सामान की चोरी कर ली। सुबह जागने पर घटना की जानकारी हुई। शिलवंत सिंह ने आवेदन में कहा है कि उनके अलावा उनके भाई सतेंद्र सिंह, विकास सिंह व सिरजा सिंह एक ही आंगन में रहते हैं। चोरी में सभी के सामान नकदी व आभूषण चोर ले गए हैं। बक्से में रखें जेवरात को चोरों ने अरहर के खेत में ले जाकर खोला था। वहां सामान बिखरे पड़े थे। थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि चोरी के मामले का आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर छानबीन में जुट गईहै।

### घर से बाइक की चोरी

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले हुसैनाबाद थाना के जपला चौबे निवासी आलोक कुमार ने सोमवार को हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर घर में रखी बाइक चोरी होने की प्राथमिकी कराई है। उन्होंने कहा है कि उक्त बाइक उनके साला श्याम कुमार के नाम से है, जो उन्हें उपहार में दिया गया था। रविवार की शाम उक्त बाइक को अपने नये मकान में खड़ा कर पुराने मकान में सोने चले गये थे। सोमवार की सुबह जब वहां गए तो उनकी बाइक नहीं मिली। साथ ही घर का एक नल भी टूटा पाया गया है। आस पास पता करने पर कुछ पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने हुसैनाबाद थाना को आवेदन दिया है। थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि इस घटना को लेकर बाइक चोरों के खिलाफ छापेमारी की जारी हैं। शीघ्र ही पूरे मामले का उद्भेदन कर दिया जायेगा।

## विशाखपट्टणम वाया जपला बनारस एक्सप्रेस का परिचालन मार्च से नये नंबर से होगा




नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** डीडीयू-सासाराम-डेहरी ऑन सोन-जपला-गढ़वा रोड-डालटनगंज-बरकाकाना के रास्ते बनारस और विशाखपट्टणम के मध्य चलने वाली 18311/18312 विशाखपट्टणम-बनारस-विशाखपट्टणम एक्सप्रेस का परिचालन मार्च से नये नंबर 18523/18524 से किया जायेगा। यह परिवर्तन विशाखपट्टणम से 2 तथा बनारस से 3 मार्च से प्रभावी होगा । यह जानकारी हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने विभागीय सोशल मीडिया ग्रुप में सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी है।

## केंद्रीय मंत्री को अवगत कराने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं

### यात्री ट्रेन टाइम में मालगाड़ी खड़ी करने की समस्या बरकरार



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्यमंत्री डॉ. एल मुरुगन को उनके दौरा क्रम में अवगत कराने के बाद भी स्थानीय के अलावा कोसियारा सहित अन्य स्टेशनों पर यात्री ट्रेन टाइम में मालगाड़ी खड़ी करने की समस्या बरकरार है। दरअसल पूर्व मध्य रेलवे के डेहरी ऑन सोन-गढ़वा रोड रेलखंड में थर्ड लाइन विस्तारीकरण के साथ ही आधुनिक स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म निर्माण व अन्य यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी कर दी गई है। मगर रेल पटरियों को आर-पार करने मामले में सुविधा उपलब्ध कराने में उदासीन रवैया अपनाया गया है। वहां फुट ओवरब्रिज बना है और जहां नहीं बना हैं, उन सभी स्टेशनों पर यात्री ट्रेन टाइम के समय पर मालगाड़ी खड़ी कर देने से यात्रियों को पटरियों को आरपार करने में जोखिम उठाने को विवश होना पड़ता है। कोसियारा स्टेशन पर इसे लेकर यात्रियों को कुछ ज्यादा ही जोखिम और परेशानी उठानी पड़ती है। एक तो फुट ओवरब्रिज का निर्माण महीनों से अधर में लटक गया है, इस पर स्टेशन प्रबंधन की इस मामले में अड़ियल रवैया यात्रियों की परेशानी का सबब बन गया है। युवा समाजसेवी शुभम कुमार सिंह ने इस स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री को इस समस्या से अवगत कराया गया था। इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। सोमवार को भी घने कोहरे के साथ कड़ाके की सर्दी में सुबह-सुबह यात्रियों को इस परेशानी का सामना करना पड़ा था। उन्होंने बताया कि जहां कहीं भी फुट ओवरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है, उनके निर्माण की गति काफी धीमी है। ऐसे में अभी और कितने दिनों यात्रियों को जोखिम उठाने की नौबत झेलनी पड़ेगी, चिंता का कारण बन गया है। उन्होंने बताया कि जोखिम तब और बढ जाती है, जब पश्चिम दिशा में अंतिम रेल पटरी पर कई दिनों तक मालगाड़ी की रैक ही खड़ी कर दी जाती है।

## श्मशान घाट की जमीन को भू माफियाओं से बचाने का ग्रामीणों ने विधायक से लगाई गुहार



नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड स्थित ढ़ेला गांव के श्मशान घाट की जमीन को भूमाफियाओं से बचाने को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशि भूषण मेहता से गुहार लगाई। विधायक को जमीन से जुड़े कागजात के साथ मांग पत्र सौंपी। इसके पूर्व ग्रामीणों के द्वारा लेस्लीगंज थाना प्रभारी, अंचलाधिकारी को जमीन से जुड़े मामला से अवगत कराया गया था। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि अंचलाधिकारी के एक रिपोर्ट के अनुसार ढ़ेला गांव के खाता संख्या 164, प्लॉट संख्या 366 में श्मशान घाट के नाम पर 77 डिसमिल जमीन है। इसे गांव के कयूम अंसारी द्वारा उक्त भूमि को फर्जी तरीके से बेचने व अवैध कब्जा का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक ने तत्काल दूरभाष पर ही अंचलाधिकारी सुनील कुमार सिंह से बात की। उन्होंने ढ़ेला गांव के श्मशान घाट के जमीन का सीमांकन कराने का निर्देश दिया। साथ ही फर्जी तरीके से जमीन का कागज बनाकर श्मशान घाट के जमीन से जालसाजी करने वलों पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में विधायक ने अंचलाधिकारी को पत्राचार भी किया है। विधायक ने ग्रामीणों को आस्वस्थ किया कि वह श्मशान घाट की जमीन को लूटने नहीं देंगे। जरूरत पड़ी तो इसे लेकर सड़क से सदन तक आवाज बुलंद की जाएगी। मौके पर कुराइन पतरा पंचायत के मुखिया पति वीरेंद्र कुमार, ढेला गांव के ग्रामीण जोखन भुइयां, बहादुर राम, मंदिप श्रीवास्तव, भुनू भुइयां, प्रदीप साव, संकेत सिन्हा, रितेश वर्मा, सरयू ठाकुर, गुलाब राम, उमेश रवि, प्रिस कुमार, महेंद्र राम, दिलीप राम, हलचल भुईयां, सुजीत ठाकुर, रामजी भुइयां ,डब्लू रवि समेत ग्रामीण शामिल थे।

## कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला



### युवक मानसिक रूप से परेशान था

परिजनों के अनुसार युवक अहले सुबह ही घर से निकला था। कोटा (राजस्थान) में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगा था। पिछले 6 महीने से घर पर ही रह रहा था। इन दिनों मानसिक रूप से परेशान भी था। इस घटना को प्रथमद्दष्टया आत्महत्या का मामला बताया गया है। घटना की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने मामले की छानबीन करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि युवक रेलवे ट्रैक पर क्यों गया था, उसकी मौत कैसे हुई है, पुलिस इन सभी बिंदुओं पर जांच करने में जुट गई है। पोस्टमार्टम रिर्पोट में भी मौत के कारणों का खुलासा हो जाएगा।

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** सोननगर-गढ़वा रोड रेलखंड के कोसियारा-मोहम्मदगंज स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक से सोमवार की सुबह स्थानीय पुलिस ने संदिग्ध हालत में 18 वर्षीय छात्र के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। युवक का शव डाली गांव के पास रेलवे खम्भा संख्या 352/25 पर स्थित सिग्नल एसओ 4/केवीक्यू के पास अप ट्रैक में पड़ा था। आशंका जताई गई है कि किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई है। इसकी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के निर्देश पर एएसआई शेख अमानुल्लाह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। वहां एक बाइक ट्रैक किनारे लगा मिला। तब तक मोबाइल लोकेशन ट्रेस करते हुए पिता और अन्य परिजन भी युवक को खोजते हुए घटनास्थल पर पहुंच चुके थे। मृत युवक की पहचान गढ़वा जिला के कांडी थाना अंतर्गत चोका बलियारी गांव निवासी सुजीत दुबे के पुत्र जानसु दुबे के रूप में हुई है।

## पुलिस ने चलाया एंटी क्राइम चेकिंग अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** पुलिस ने रविवार को मेराल डंडई धुरकी मुख्य पथ सहित कई स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय के निर्देश चलाए गए अभियान में पुलिस पदाधिकारियों ने दो पहिया, तीन पहिया व चार पहिया वाहनों की गहनता से जांच की गई। थाना के एएसआई मुरारी पासवान के नेतृत्व में एंटी क्राइम, सड़क सुरक्षा को लेकर डंडई-मेराल मुख्य पथ के क्रशर प्लांट पास जांच अभियान चलाया गया। इस दौरानआवश्यक वाहनों के कागजातों, डिक्की की जांच की गई। हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को पुलिस ने फटकार लगायी। साथ ही बाइक चलाते समय हेलमेट लगाकर चलने का सख्त निर्देश दिया। थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव ने बताया कि एंटी क्राइम व सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहनों की जांच की गई। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट और जूता जरूर पहनने।

## सेमीफाइनल में लातेहार ने देव अन्नपुरा को 2-1 से हराया

### फाइनल मैच आज मांडर बनाम लातेहार के बीच खेला जाएगा



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड़ के पथरा पंचायत के शिवपुर खेल मैदान मे भाईचारा एकता कमिटी के तत्वाधान में नॉक आउट फुटबॉल टूनामेंट के सेमीफाइनल मैच में लातेहार की टीम ने देव अन्नपुरा को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर गया। फाइनल मैच 7 जनवरी को मांडर बनाम लातेहार के बीच खेला जाएगा। इसके मुख्य अतिथि राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय कुमार सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि में जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खा,ग्यासुद्दीन सिद्दीकी आदि मौजूद रहेंगे।इस सेमीफाइनल मैच में संबोधित करते हुए कमेटी के अध्यक्ष जाकिर अली उर्फ राज अली ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने की जरूरत है। यह खेल आपसी समन्वय व टीम भावना को विकसित करता है। उन्होंने कहा कि खेल से युवाओं का शारिरिक विकास के साथ- साथ मानसिक विकाश होता है। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक परिवेश में खेल के क्षेत्र में भी युवा खिलाड़ियों के लिए रोजगार के कई अवसर उपलब्ध है। इस मौके पर कमिटी के अशलम अंसारी, बिहारी पासवान, रामप्रवेश पासवान, नरेश पासवान, आणि शेख, अखलेश चौधरी समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी दर्शक मौजूद थे।

## शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक ने पौध रोपण किया



नवीन मेल संवाददाता

**मझिआंव।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सह शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक बृजबिहारी पांडेय सोमवार को अपने पैतृक आवास दलको पहुंचे। गांव के उत्तर में स्थित ध्वस्त हो चुके प्राचीन देववृक्ष पीपल के स्थान पर नया पीपल का पौधा लगाया। कहा कि यह देववृक्ष जैसे जैसे बढ़ेगा वैसे वैसे मेरे गांव का भी विकास होगा। उन्होंने ग्राम वासियों से गांव के विकास के लिए कदम कदम पर साथ चलने व भरपूर सहयोग करने का आस्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वह भले ही राज्य की राजधानी रांची में रहते हैं लेकिन उनका दिल गांव में ही बसता है। उन्होंने गांव के ऐतिहासिक ठाकुर बाड़ी मंदिर( राम सीता व लखनलाल) के संबंध में बताया कि मंदिर का लगभग 25एकड़ भूमि है, जिसकी ग्रीष्म ऋतु में मापी कराई जाएगी। उन्होंने धार्मिक न्यास बोर्ड के झारखंड प्रदेश सदस्य हृदयानंद मिश्रा से भी बात कर चुके हैं। मौके पर द्वारिका नाथ पांडेय,योगेश्वर पांडेय, ललित शर्मा, कामाख्या नारायण पांडेय, धर्मराज तिवारी, मारकंडे पांडेय, नंदन कुमार पासवान, सुभाष पांडेय, चेतन पांडेय, उज्जवल दुबे, शिवम शर्मा उपस्थित थे।

### हृदयानंद मिश्र ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आंदोलनकारियों को समान मासिक पेंशन किया आग्रह किया



**मेदिनीनगर।** झारखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और आंदोलनकारी हृदयानंद मिश्र ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि राज्य के सभी आंदोलनकारियों को समान मासिक पेंशन प्रदान की जाए। मिश्र ने कहा कि झारखंड का अस्तित्व आंदोलनकारियों के त्याग और तपस्या का परिणाम है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति ने अपना योगदान दिया है, ठीक जैसे राम सेतु निर्माण में प्रत्येक गिलहरी ने अपना योगदान दिया था। शिबू सोरेन के नेतृत्व में हुए आंदोलन में सभी आंदोलनकारियों को समान सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि शिबू सोरेन के वादे के अनुसार सभी आंदोलनकारियों को समान पेंशन दी जाए और सर्वजन पेंशन योजना के तहत राशि को भी मैया सम्मान योजना की तरह 2500 रुपये मासिक किया जाए। यह वृद्धों, खासकर उन लोगों के लिए आवश्यक है जो अपने बच्चों द्वारा उपेक्षित हैं और दवाइयों पर खर्च करने के लिए आर्थिक रूप से कमजोर हैं। मिश्र ने आंदोलनकारियों को जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करने का भी आग्रह किया है।

## चिंता

## नदी से नाला बनती जा रही है काशीसोत नदी

# अस्तित्व पर संकट से श्रद्धालु चिंतित



### संगम स्थल का बड़ा धार्मिक महत्व

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** एक जमाने में छोटी पहाड़ी नदियों में प्रमुख रही काशीसोत नदी अब नाला बनती जा रही है। इसकी वजह पहले इसके उपरी जल ग्रहण क्षेत्र में डैम का बनना और वर्षापात का कम होना इसके जल प्रवाह की स्थिरता का कारण बना, जिसकी वजह से ही इसके दायरे का अतिक्रमण होता चला गया। इससे नदी नाला बनती चली गई। जैसा कि बताया जा रहा है। इसको देखने से भी ऐसा ही लगता है। जिसमें यह भी पता चलता है कि इसके दायरे में भी खेती करते हुए इसका अतिक्रमण कर लिया गया है। कहा जाता है कि इसके बावजूद इस मामले में प्रशासनिक अनदेखी की जा रही है। ऐसे में इसके नदी से नाला बनते जाने का मामला जांच का विषय बन गया है। लोगों ने इसके अतिक्रमण के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस नदी को इससे मुक्त नहीं कराया गया, तो इस क्षेत्र की अन्य कई छोटी पहाड़ी नदियों की तरह इसका भी अस्तित्व नहीं बच सकता है।

**संगम स्थल का धार्मिक महत्व**

इस नदी का भजनियां गांव के पास कोयल नदी में विलय हुआ, वहां संगम हुआ है, उस स्थल का बड़ा धार्मिक महत्व भी है। आसपास के गांवों के छोटे-बड़े यज्ञ और अनुष्ठान को लेकर इसके ही संगम स्थल से ही जल उठाया जाता है। इस स्थल पर छठ महापर्व मनाया जाता है। जब कोयल नदी में ज्यादा पानी रहती है, तो इसी मुहाने पर काशीसोत नदी का ही धोबी घाट के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। मगर इसके दायरे के सिमटते चले जाने के कारण जल प्रवाह के कम पड़ जाने से धोबी घाट के अस्तित्व पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है।

### गुणवत्तापूर्ण थी रेत और चिकनी मिट्टी

उत्तर कोयल की बड़ी सहायक नदियों में शामिल काशीसोत की रेत कंक्रीटिंग के लिए बड़ा महत्वपूर्ण और गुणवत्तापूर्ण था। इसकी मोटी रवादार रेत खासकर, उत्तर कोयल परियोजना के भीम बराज और मुख्य नहर के अलावा कार्यालय व आवास निर्माण के काम में लाया गया था। इसके महत्व को देखते हुए निजी कार्यों में भी इसकी रेत का भरपूर इस्तेमाल किया गया। तब रेत खनन के प्रति अब के जैसी सख्ती भी नहीं बरती जाती थी। नतीजतन इसमें अब कहीं-कहीं ही बालू के ढेर नजर आती हैं।

### नहाने व कपड़ा धोने के लायक थी चिकनी मिट्टी

बुजुर्गों का कहना है कि इस नदी के किनारे जहां-तहां ऐसी चिकनी मिट्टी के टीले थे, जिसकी मिट्टी नहाने और कपड़ा धोने के लिए उपयोगी साबित होती थी। तब साबुन का भी इतना प्रचलन नहीं था। मगर मोटी रवादार रेत के साथ ही चिकनी मिट्टी भी अब नहीं रही। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि प्रकृति के इस अनमोल उपहार के निर्मल जल के साथ ही गुणवत्तापूर्ण रेत और चिकनी मिट्टी अतीत के गर्त में समाते चले गए हैं।

### बाढ़ आती है तो दायरे का चल जाता है पता

इन नदियों में बाढ़ भी अब कभी-कभी ही आती है। मगर जब आती है, तो सारी बाधाओं को टालते हुए अन्य की तरह इस नदी के पूरे निर्धारित दायरे में फैल जाती है। तभी पता चल जाता है कि इन नदियों का दायरा कितना चौड़ा था।अतिक्रमण के कारण अब इनका दायरे कैसे सिमटती चली गई है। लोगों ने नाला बनती जा रही इस नदी के साथ ही अन्य सभी छोटी-छोटी पहाड़ी नदियों का सीमांकन कराने के साथ ही इनके किनारे पर पौधरोपण कराकर इनको संरक्षित कर इनके अस्तित्व को बचाने की जरूरत पर बल दिया है।

## गायत्री परिवार प्रखंड समिति का गठन



नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** अखिल भारतीय गायत्री परिवार हरिद्वार के नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड समन्वय समिति का गठन ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में रविवार को संपन्न हुई । सर्वसम्मति से प्रखंड समन्वयक के रूप में अजीत तिवारी निर्वाचित हुए। समन्वय समिति में बालकेश पासवान उप समन्वयक, द्रौपदी देवी महिला समन्वयक, सुचिता गिरी उप समन्वयक, नीरज कुमार नीरज युवा समन्वयक, कमलेश तिवारी उप समन्वयक , समन्वय समिति के विभिन्न प्रकोष्ठ में लक्ष्मी नारायण प्रसाद, सतीश मिश्रा, सुधा कुवर, दयावती देवी, कृष्ण मुरारी सिंह, अशोक प्रसाद, राम प्रकाश तिवारी अवध किशोर राय उर्फ राजू राय को दायित्व दिया गया। बैठक में गायत्री परिवार के जिला प्रभारी अंबिका सिंह कहा कि गायत्री परिवार व्यक्ति, परिवार और समाज निर्माण के कार्य में लगा है। विदेशों में भी गायत्री यज्ञ के माध्यम से जन जन तक अभियान सार्थक किया जा रहा है। गोष्ठी में सभी गायत्री परिजनों ने गायत्री परिवार से जुड़कर इस अभियान को सार्थक करने का संकल्प लिया। बैठक में प्रखंड के अजीत कुमार सिंहा, सीताराम दुबे, दिलीप तिवारी, नितेश शुक्ला, ओमप्रकाश, मनोज सिंह, मुखिया गुड्डी देवी, छोटन दुबे, संजय कुमार, सुभाष चंद्र मिश्रा, जयराम तिवारी, राहुल सिंह ,सतबरवा प्रखंड के अध्यक्ष संजय कुमार, सतनारायण मेहता आदि उपस्थित थे।

### बसपा करेगा 11 को विरोध प्रदर्शन

**हरिहरगंज।** बहुजन समाज पार्टी के बैनर तले 27 होल्डिंग धारियों पर की गई कार्रवाई के विरोध में तथा शहर वासियों को होल्डिंग टैक्स वसूली में राहत देने तथा विलंब शुल्क माफ करने की मांग को लेकर आगामी 11 जनवरी को हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त बात कि जानकारी बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार रवि ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।धरना प्रदर्शन को लेकर छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी को भी सूचना दे दी गई है।उक्त तिथि को नगर कार्यालय पर 27 होल्डिंग धारियों पर की गयी कार्रवाई तुरंत वापस लेने की मांग की जाएगी।

## निगम क्षेत्र में फिर शुरू हुआ अतिक्रमण

# निगरानी के अभाव में हटाए गए स्थानों पर अस्थाई दुकानें सजीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाए जाने के कुछ दिनों बाद ही फिर से अवैध अतिक्रमण शुरू हो गया है। दुकानदार बांस, बल्लियों और लोहे के सहारे अस्थाई दुकानें खड़ी कर रहे हैं।

नगर निगम ने शहर को जाम से मुक्ति दिलाने और गैरकानूनी अतिक्रमण हटाने का फैसला लिया था। बाजार क्षेत्र, बड़ी मस्जिद रोड, पुरानी रांची रोड, पांकी रोड जैसे स्थानों पर अतिक्रमण हटाकर दुकानदारों को दोबारा ऐसा न करने की हिदायत दी गई थी। बावजूद इसके, प्रशासनिक निगरानी के अभाव में कई जगहों पर दुकानदारों ने फिर से दुकानें लगानी शुरू कर दी हैं।



### प्रमुख अतिक्रमण स्थलों की स्थिति

**बड़ी मस्जिद रोड:** मस्जिद के किनारे और थाने के सामने अस्थाई दुकानें हटाई गई थीं, लेकिन अब फिर से लोहे के ढांचे के सहारे दुकानें सज चुकी हैं।

**एमएमसीएच:** अस्पताल के मुख्य गेट और चारदीवारी के पास हटाई गई दुकानें वापस लग गई हैं।

**छहमुहान से जिला स्कूल चौक:** बाइक रिपेयरिंग और अन्य दुकानें फिर से शुरू होने से आवागमन बाधित हो रहा है।

**पुरानी रांची रोड:** यात्री शेड और सब्जी दुकानों को हटाया गया था, लेकिन अब यहां भी अतिक्रमण दोबारा शुरू हो गया है।

प्रशासन द्वारा समय पर निगरानी नहीं करने के कारण अतिक्रमणकारियों को हौसला मिल रहा है। इससे नगर निगम के अभियान की प्रभावशीलता पर सवाल उठ रहे हैं।

# गुरु गोविंद सिंह जयंती पर गुरुद्वारे में सजा विशेष दीवान, लंगर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरु गोविंद सिंह जी की 358वीं जयंती (प्रकाश पर्व) पर मुख्य गुरुद्वारे में विशेष दीवान सजाया गया, जिसमें सिख समाज के लोग गुरुग्रंथ साहिब पर मत्था टेककर गुरु गोविंद सिंह जी के महान उपदेशों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

कार्यक्रम के चोपड़ा परिवार की ओर से लंगर की सेवा की गई, जबकि कुलदीप सिंह रेडमा ने आयोजन में सहयोग दिया। टाटानगर से आए रागी हरमीत सिंह ने विशेष दीवान सजाकर सुरमयी कीर्तन प्रस्तुत किया, जिससे संगत निहाल हो गई। स्थानीय रागी जत्था, ज्ञानी सुंदर सिंह ने भी सबद कीर्तन किया, जो इस दिव्य अवसर को और भी खास बना दिया।

इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद की ओर से राजा सतबीर सिंह को सम्मानित किया गया। संगत ने इस अवसर पर सपरिवार गुरुद्वारा में आकर गुरु ग्रन्थ साहिब पर मत्था टेका और लंगर ग्रहण किया।



बताते चलें कि प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 30 जनवरी से लगातार प्रभात फेरी निकाली जा रही थी, जिसमें सिख समुदाय के लोग नगर भ्रमण कर गुरुद्वारा वापस लौटते थे। कार्यक्रम की सफलता का श्रेय राजा सतबीर सिंह की अगुवाई को दिया गया।

राजा सतबीर सिंह ने इस अवसर पर कहा, 'हम आज गुरु गोविंद सिंह जी की कुर्बानियों को याद करते हैं, जिन्होंने अधर्म से लड़कर धर्म की विजय सुनिश्चित की। उन्होंने सिख समाज की स्थापना के साथ ही धर्म के लिए अपने परिवार का बलिदान किया। हम ऐसे महान गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।'

विशेष दीवान में हरप्रीत सिंह, राजेंद्र सिंह बंटी, हरदीप सिंह काकु, इंद्रजीत सिंह, मन्नत सिंह बग्गा, हरसिमरन कौर, रमनजीत कौर, श्वेता सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# झारखंड सरकार की मईया सम्मान योजना से महिलाओं में खुशी की लहर



### राशि बढ़कर 2500 रुपये हुई, झामुमो महिला मोर्चा ने निकाला जुलूस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार की मईया सम्मान योजना के तहत महिलाओं के खातों में अब 2500 रुपये भेज दिए गए हैं। राशि बढ़ने से लाभान्वित महिलाओं में खुशी की लहर है। योजना के तहत मिली राशि का जश्न मनाने के लिए झामुमो महिला मोर्चा ने जुलूस निकाला। महिलाओं ने मिठाइयां बांटी, पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगा कर हर्षोल्लास व्यक्त किया। कार्यक्रम का नेतृत्व झामुमो महिला मोर्चा की अध्यक्षा सुशीला मिश्रा ने किया। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस योजना से महिलाएं स्वावलंबी बनेंगी और उनके जीवन में सुधार आएगा। झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने भी योजना की प्रशंसा की और इसे झारखंड में बदलाव का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। पहले 1000 रुपये देने वाली यह योजना अब 2500 रुपये प्रदान कर रही है। कार्यक्रम में झामुमो महिला मोर्चा के कई पदाधिकारी और दर्जनों महिलाएं उपस्थित थीं।

# गैंगवार में गोलीबारी : दो की मौत, दो घायल

- आधी रात गोली चालन से क्षेत्र में दशहत
- अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए कर रही छापेमारी : थाना प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गरदा गांव में पांडेय गिरोह ने रविवार की रात्रि 12 बजे के आस पास अंधाधुंध फायरिंग करने से दो व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान दीपक साव, भरत पांडेय रामगढ़ जिला के पतरातु के रूप में हुई है। घायलों में स्व अमरेश सिंह के 19 वर्षीय पुत्र अंशु सिंह व 38 वर्षीय महावीर सिंह है। दोनों घायलों का इलाज एमएमसीएच में चल रहा है। जानकारी के अनुसार यह गोलीबार गैंगवार में हुई है। दीपक व भरत दोनों रिश्तेदार के घर आए थे। अपराधियों द्वारा घर का दरवाजा तोड़ कर गोलीबारी किया गया है। मृतक का पूर्व में अपराधिक इतिहास रहा है।



जानकारी के अनुसार आधी रात को चैनपुर के गरदा गांव में अचानक गोलीबारी से क्षेत्र में दशहत फैल गया। लोग अपने-अपने घरों में दुबके रहें। करीब 35 से 40 राउंड गोली चलने की बात कही जा रही है। एमएमसीएच में इलाजरत घायल महावीर सिंह ने बताया कि वह औरंगाबाद का अपनी जमीन बेंच कर मामा के यहां दूध का व्यवपार करता है। उसने बताया कि अंशु के रिश्तेदार के यहां बच्चे का बर्ड डे पार्टी था। बर्ड डे पार्टी के बाद सब सो लोग घर में ही सो गए थे। रात लगभग 12 बजे अचानक गोल चलने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनने के जब वह बाहर निकलने लगा तब तक गोली चल रही थी। इस दौरान एक गोली अंशु सिंह के पैर में व महावीर सिंह के हाथ में लगी। घटना स्थल पर कई खोखे भी पुलिस ने बरामद किया है। गोली चलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी का माहौल है। उसने बताया कि दीपक साव व भरत पांडेय पहले भी पारिवारिक कार्यक्रम में यहां आते रहे हैं। इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी ने बताया की मृतक दीपक साव व भरत पांडेय का आपराधिक इतिहास रहा है। घटना स्थल की जांच फॉरेंसिक टीम कर रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। दोनों मृतकों का शव एमएमसीएच में पुलिस की सुरक्षा में रखा गया है। पोस्टमार्टम मंगलवार को पुलिस की निगरानी में कराया जाएगा।

# अस्पताल की सभी जानकारी मिलेगी हेल्थ इनफॉरमेशन कियोस्क मशीन से

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में अब मरीजों और उनके परिजनों को अस्पताल की सभी महत्वपूर्ण जानकारी एक जगह पर मिल सकेगी। अस्पताल में चार हेल्थ इनफॉरमेशन कियोस्क मशीन का इंस्टालेशन कार्य शुरू किया गया है, जो इस सप्ताह में चालू हो जाएगा। इन कियोस्क मशीनों के माध्यम से अस्पताल के सभी संसाधनों और सेवाओं की जानकारी मरीजों, उनके परिजनों और आम जनता तक पहुँच सकेगी। इस मशीन से मरीज जान सकेंगे कि अस्पताल में कितने डॉक्टर हैं, कौन-कौन सी दवाइयाँ उपलब्ध हैं, कौन सी जांच सेवाएँ दी जाती हैं, और अस्पताल में किस डॉक्टर की ड्यूटी किस दिन और किस समय है। इसके अतिरिक्त, इस मशीन से मरीजों की भर्ती, इलाज और छुट्टी की जानकारी भी प्राप्त की जा सकेगी। मरीजों के साथ आने वाले उनके परिजनों को भी अस्पताल के स्टाफ, जैसे नर्स और कंपाउंडर की जानकारी मिल सकेगी। अस्पताल




अधीक्षक डी. कुमार ने बताया कि ये मशीनें शुक्रवार को आ गई हैं और मंगलवार को टेक्नीशियन द्वारा इनकी इंस्टॉलेशन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। दो मशीनें पुराने भवन में जबकि दो नई भवन में लगाई जाएंगी। टेक्नीशियन द्वारा सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करने के बाद अस्पताल स्टाफ को भी इन मशीनों के संचालन की ट्रेनिंग दी जाएगी।

इस नए सिस्टम से आम जनता को 24 घंटे अस्पताल की जानकारी मिलती रहेगी और मरीजों को अस्पताल में इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# विश्वविद्यालय को मिलेंगे वीसी और प्रो वीसी प्राचार्य और शिक्षक के लिए करना होगा इंतजार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के लिए एक राहत की खबर आई है कि इस महीने विश्वविद्यालय को नया वीसी और प्रो वीसी मिल सकते हैं। यह विश्वविद्यालय पिछले लगभग 18 महीने से बिना नियमित कुलपति और प्रति कुलपति के काम कर रहा था, जिससे उच्च शिक्षा के स्तर में गिरावट आई है। झारखंड के सरकारी विश्वविद्यालयों में प्रभार के तहत चलने वाली यह संस्था, अब राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पढ़ाई तो कर रही है, लेकिन शिक्षकों की कमी के कारण छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एक शिक्षक के ऊपर 200 से 300 छात्रों का भार है, और कहीं-कहीं तो यह संख्या और भी ज्यादा है। सूत्रों के अनुसार, जनवरी महीने में नीलांबर पीतांबर




विश्वविद्यालय में नियमित वीसी और प्रो वीसी की नियुक्ति हो सकती है। वहीं, सरकारी प्रोफेसरों की जगह घंटी आधारित शिक्षक नियुक्त किए गए हैं, जो अपनी मर्जी से कक्षाएं लेते हैं। स्थाई शिक्षकों की नियुक्ति कई वर्षों से नहीं हुई है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। नियमित कुलपति की नियुक्ति नहीं होने से विश्वविद्यालय में समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, क्योंकि प्रमंडल के आयुक्त, जो वर्तमान में प्रभारी कुलपति का कार्यभार संभाल रहे हैं, विश्वविद्यालय में उतना समय नहीं दे पाते हैं जितना एक नियमित वीसी दे सकता है।

नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में कुल आठ सरकारी महाविद्यालय हैं, जिनमें से केवल एक में ही नियमित प्राचार्य हैं, जबकि बाकी सभी महाविद्यालयों में प्रभारी प्राचार्य कार्यरत हैं। इस स्थिति के कारण विश्वविद्यालय का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है।

## महिला हुनर हार्ट 2025 की तैयारी पूरी : प्रियंका सिंघानिया

**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग की बैठक होटल निरवाना में चेंबर अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 12 जनवरी को गांधी उद्यान में लगने वाली 'महिला हुनर हार्ट 2025' की तैयारी की समीक्षा की गई। प्रियंका सिंघानिया ने बताया कि मेले की पूरी तैयारी कर ली गई है और यह शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के हुनर को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है। यह महिलाओं द्वारा लगाई जाने वाली पहली हुनर हार्ट मेला है, जिसे लेकर महिलाओं में उत्साह देखा जा रहा है। सिंघानिया ने कहा कि स्टॉल लगभग भर चुके हैं और बचे हुए स्टॉल की अंतिम बुकिंग 9 तारीख तक की जाएगी, जिसका शुल्क प्रति स्टॉल 500 रुपये और बड़े स्टॉल के लिए 1000 रुपये निर्धारित किया गया है। मेले की रौनक को बढ़ाने के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जैसे स्केटिंग कंपटीशन, डांस कंपटीशन (सोलो एवं ग्रुप), बेबी रैंप वॉक शो, बेस्ट बॉडीबिल्डर शो, डॉग शो, भारतीय परिधान को बढ़ावा देने हेतु मिस्टर और मिस मदीना नगर, सभी प्रतियोगिताओं का एंट्री फीस 200 रुपये रखा गया है। शिखा अग्रवाल ने बताया कि सभी प्रतियोगिताओं के लिए एंट्री फॉर्म गांधी उद्यान में 10 जनवरी तक उपलब्ध होंगे। मेले में प्रवेश लकी ड्रा कूपन के माध्यम से होगा, जिसकी कीमत 50 रुपये होगी और हर दो घंटे में बंपर प्राइज जैसे टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन जैसे कई उपहार दिए जाएंगे। मेले का मुख्य आकर्षण राजस्थान के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कालबेलिया डांस होगा। महिला विंग की एक्जीक्यूटिव सदस्य संध्या जायसवाल ने बताया कि बड़ी संख्या में महिला उद्यमी और सदस्यता के इच्छुक महिलाएं सामने आई हैं। 'महिला हुनर हार्ट 2025' का समय सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगा और समापन शाम 7:00 बजे होगा। मेले का उद्घाटन वित्त मंत्री राधा कृष्णा किशोर जी करेंगे।

बैठक में अलका सिंघानिया, पूजा भिवानिया, आरती आनंद, कोमल सराफ, प्रीति राज गुप्ता, रंजीत केडिया, गुंजन अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, अंजू वर्मा, सिमरन होरा, तनु आनंद, सजल अग्रवाल, और शिवानी आनंद उपस्थित थे।

# पुरानी समस्याओं को हल करने के लिए नई तकनीकों का उपयोग करना समय की आवश्यकता : डॉ. जी एन खान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सेंट्रल मैनेजिंग कमेटी, दिल्ली के अकादमी उत्कृष्टता केंद्र के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का दूसरा दिन शिक्षकों के लिए बेहद उपयोगी और ज्ञानवर्धक रहा। सुबह 9 बजे अल्पाहार के बाद प्रशिक्षु तीन अलग-अलग वर्गों में विभाजित होकर अपने-अपने सत्रों में शामिल हुए।

डॉ. जी एन खान ने प्रशिक्षुओं से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाएं और इसे अपने शिक्षण में लागू करें। उन्होंने कहा, 'पुरानी समस्याओं को हल करने के लिए नई तकनीकों का उपयोग करना समय की आवश्यकता है। ऐसे आयोजन शिक्षकों को अपने शिक्षण कौशल को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।'

कार्यक्रम के सभी सत्र रोचक, ज्ञानवर्धक और छात्रों के हित में अत्यंत उपयोगी साबित हो रहे हैं। प्रथम सत्र में 'क्रिएटिव माइंड एट प्ले: इनकरेजिंग आर्ट, क्रिएटिविटी एंड प्ले इन अर्ली चाइल्डहुड' विषय पर कुमारी हर्षिता (डीएवी पब्लिक स्कूल, गुमला) ने विचार व्यक्त किए। वहीं, 'सब्सटेंस एब्यूज' पर सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन श्रीमती रवीना श्रीवास्तव ने जानकारी दी, और 'एजुकेटिंग पैरेंट्स अबाउट एजुकेशन' पर कमलेश कुमार (प्राचार्य, डीएवी पब्लिक स्कूल, खलारी) ने शिक्षकों को संबोधित किया।

कमलेश कुमार ने बताया कि छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों को भी शिक्षा के प्रति जागरूक करना आज की आवश्यकता है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि कैसे शिक्षक और अभिभावक मिलकर छात्रों की समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। द्विभाषीय शिक्षण की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि परिस्थितियों के अनुसार शिक्षकों को छात्र हित में लचीला दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। दिव्या सिंह (डीएवी पब्लिक स्कूल, डालटनगंज) ने 'मूविंग फ्रॉम विगल्स टू गिगल्स' विषय पर बताया कि संकुचित स्वभाव वाले छात्रों के लिए खुशनुमा वातावरण कैसे बनाया जाए। उन्होंने शिक्षकों को व्यवहारिक सुझाव दिए ताकि कक्षा का माहौल छात्रों के लिए प्रेरणादायक और आनंददायक बन सके। रवीना श्रीवास्तव ने छात्रों में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि किस तरह छात्रों द्वारा व्हाइटनर, फेविकोल और चाक जैसे वैकल्पिक पदार्थों का उपयोग किया जा रहा है। शिक्षकों को इन संकेतों को पहचानने और सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## वार्ड 28: मूलभूत सुविधाओं का अभाव

# निगम में बदलने के बावजूद विकास कार्य शून्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 28 से होकर पुरानी गढ़वा रोड गुजरती है। निगम चुनाव के दौरान इस वार्ड की आबादी 4,514 थी। यह वार्ड उत्तर में पुरानी गढ़वा रोड के पीपल वृक्ष से बाल समाज होते हुए कन्नी राम चौक तक, दक्षिण में लालकोठा गली से कोयल नदी तक, पूर्व में कन्नी राम चौक से लाल कोठा तक और पश्चिम में कोयल नदी तक फैला हुआ है। वार्ड गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है और कोयल नदी के किनारे बड़ी संख्या में लोग बसे हुए हैं। यहां पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाई गई है, लेकिन नियमित जलापूर्ति की व्यवस्था नहीं है। अधिकतर गलियों में पक्की सड़कें हैं, परंतु सफाई व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है।



### वार्ड के लोगों की समस्याएं और आरोप

**जलापूर्ति :** पाइपलाइन में जगह-जगह लीकेज के कारण सड़क पर पानी फैल जाता है। नियमित जलापूर्ति न होने के बावजूद जल कर का नोटिस भेजा जा रहा है।

**पुरानी नालियां :** दशकों पुरानी नालियां बरसात में पानी भरने की समस्या पैदा करती हैं।

**सफाई व्यवस्था :** वार्ड में सफाई का अभाव है।

वार्ड के लोग निगम प्रशासन से जल्द से जल्द समस्या समाधान और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की मांग कर रहे हैं।

### वार्ड 28 के निवासियों की राय

**जीशान खान (समाजसेवी):** नगर परिषद से नगर निगम बनने के बाद भी वार्ड में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। निगम को होल्डिंग टैक्स वसूलने के साथ मूलभूत सुविधाएं देनी चाहिए।







**राजू (स्थानीय निवासी):** नालियों की मरम्मत और नए सिरे से निर्माण की जरूरत है।

**दीपक अग्रवाल (व्यवसायी):** पार्षद का कार्यकाल खत्म होने के बाद स्थिति और खराब हुई है। निगम चुनाव के बाद ही बदलाव की उम्मीद है।

# आंबेडकर के प्रयासों से मिले अधिकार को कमजोर करने की कोशिश : कांग्रेस

### पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक के नेतृत्व में मार्च का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान मार्च की शुरूआत पलामू जिले के प्रखंड मनातू से की गई। इस मार्च का नेतृत्व पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया। अभियान का उद्देश्य देश में संविधान की रक्षा और भारतीय जनता पार्टी द्वारा किए जा रहे कथित हमलों के खिलाफ जन जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में पांकी विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी लाल सूरज ने भी भाग लिया। मार्च की शुरूआत हाई स्कूल मोड़ से नाका मोड़ तक की गई। मार्च को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर संविधान पर हमला करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'देश की मौजूदा हालात के लिए भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री जिम्मेदार हैं। सरकार संविधान से हटकर देश को एक अलग दिशा में ले जाना चाहती है।' पाठक ने केंद्रीय गृह मंत्री पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान भरी संसद में किया, जिससे पूरे देश में नाराजगी है। उन्होंने कहा, 'डॉ. अंबेडकर के प्रयासों से जो अधिकार हमें मिले हैं, उन्हें कमजोर करने की कोशिश हो रही है। इसका जवाब देशवासी जरूर देंगे।' पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी लाल सूरज ने अपने संबोधन में कहा कि देश केवल डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान से चल सकता है। संविधान और अंबेडकर का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों की आलोचना करते हुए जनता से संविधान की रक्षा के लिए आगे आने की अपील की।



अभियान मार्च में कांग्रेस पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय साहू, विक्की तिवारी, निरंजन यादव, अकमल अंसारी, रामप्रवेश यादव, भीम शुक्ला, सुरेंद्र भुइया, बलम उरांव, प्रिया रंजन यादव, गयासुद्दीन अंसारी, संजय यादव, नंदलाल साहू, अभिजीत यादव, विमलेश टूरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए। इस कार्यक्रम ने संविधान की रक्षा और सामाजिक न्याय के लिए कांग्रेस के संकल्प को मजबूत किया। मार्च के माध्यम से कांग्रेस ने यह संदेश दिया कि संविधान के खिलाफ किसी भी प्रकार का अपमान स्वीकार नहीं किया जाएगा और जनता को इस लड़ाई में एकजुट होकर संघर्ष करना होगा।

## महिला मोर्चा ने चलाया एकदिवसीय सदस्यता अभियान

**मेदिनीनगर।** सोमवार को भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा के निदेर्शानुसार पलामू जिला मे एक दिवसीय सदस्यता अभियान चलाया गया। इसका नेतृत्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीना किशोर ने किया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर पलामू जिला प्रभारी सुचिता सिंह सम्मिलित हुई। प्रदेश द्वारा जिला महिला मोर्चा को सदस्यता को लक्ष्य मिला था। उसे जिले भर की महिला पदाधिकारियों ने पुरा किया। इस दौरान सभी मण्डल अध्यक्ष एवं उनके सदस्यता प्रभारी जोरझशोर से अभियान मे लगे रहे। प्रभारी सुचिता सिंह का स्वागत जिलाध्यक्ष रीना किशोर एव जिला उपाध्यक्ष सुप्रिया श्रीवास्तव ने किया। श्रीमति सिंह ने मुहल्ला शक्ति केन्द्र पर जाकर सदस्यता अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ ग्रामीण अध्यक्षा श्रीमति सुमन सिंह, जिला मंत्री पिंकी विश्वकर्मा सहित कई महिला उपस्थित रही।

### एमवीआई ने 40वां सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात नियमों का पालन करने की अपील की

# सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करे तभी मिलेगी दुर्घटनाओं से मुक्ति : गौतम

*पुलिस व परिवहन विभाग ने वाहन चालकों को फूलों से किया स्वागत*



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के विभिन्न चौक चौराहे में सोमवार को आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे 40 वें सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात पुलिस और परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वाहन चालकों को फूल देकर यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है। मोटरयान निरीक्षक गौतम गौरव ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के शुरूआत में सभी वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने के साथ ही यातायात नियमों का पालन करने की अपील की जा रही है। इसके बाद भी यदि कोई यातायात नियमों की पालना नहीं करता है, तो चालान बनाकर जुर्माना वसूल करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोग सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन नही कर खुद की व अपने परिवार के जीवन को खतरे में डाल रहे है। कहा कि हर साल लाखों लोग सड़क हादसा का शिकार हो जाते हैं। कारण सिर्फ एक ही है लोग सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक नही है। अगर लोग सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हो जाएंगे और सुरक्षा के बताए नियमों के अनुसार वाहन चलाएंगे तो हादसों में कमी आएगी। उन्होंने बताया कि बिना हेलमेट पहने, सीट बेल्ट, ड्रंक एंड ड्राइव, रफ ड्राइविंग, ट्रिपल राइड, नाबालिक, वाहनों के बीच कम दूरी रखना, स्पीड ड्राइविंग आदि कारणों से लोहरदगा के सड़कों पर दुर्घटनाओं में मौत हो रही है। परिवहन विभाग ने सड़क में उतरकर वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, ड्रंक एंड रफ ड्राइविंग न करने आदि की नसीहत देकर समझाने का प्रयास किया है। वही डीआरएसएम अमृतेश्वर गिरी ने बताया कि जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आगाज किया गया है। इसके तहत आमजन को जागरूक करने के साथ ही विद्यार्थियों को भी यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है और इसी कड़ी में सोमवार को लोहरदगा जिला के विभिन्न चौक चौराहे पर यातायात पुलिसकर्मियों और परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों को फूल देकर नियमों का पालन करने की अपील की है। इस दौरान यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों का माला पहना कर स्वागत किया गया। बता दें कि लोहरदगा में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए 40 वें सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात पुलिस और परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वाहन चालकों को फूल देकर यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है। मौके पर ट्रैफिक इंचार्ज शिवशंकर मार्डी, डीआरएसएम अमृतेश्वर गिरी, मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर गौतम गौरव, रोड सेफ्टी इंजीनियर कृष्णा कुमार, सब इंस्पेक्टर सुशील कुमार, सहायक पुलिस समेत अन्य मौजूद थे। लगभग 100 लोगो को गुलाब व फूल माला पहनाया गया।

### विद्या मंदिर में गुरु गोबिंद सिंह जयंती आयोजित

# सवा लाख में एक लड़ाऊं, चिंड़ियन ते मै बाज तुड़ाऊं, तबै गोबिंद सिंह नाम कहांऊ

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** गुरु गोविंद सिंह की जयंती बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के वंदना सभा में मनाई गई। गुरु गोविंद सिंह की जयंती पौष माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाई जाती है। इस विशेष अवसर पर देशभर के सभी गुरुद्वारों को भव्य रूप से सजाया जाता है। इसके अतिरिक्त गुरुद्वारे में लंगर का आयोजन किया जाता है। गुरु गोविंद सिंह सिक्खों के दसवें गुरु थे ।विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह ने सिख धर्म को सशक्त किया और अपने अनुयायीयों को सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। हिंदी आचार्या जामवंती मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु गोबिंद सिंह वास्तविक अर्थों में एक संत कवि, प्रखर लेखक ,महान योद्धा धर्म निष्ठ एवं राष्ट्रभक्त थे। उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की और अपने बाद और कोई गुरु न होने की घोषणा की साथ ही गुरु ग्रंथ साहब को गुरु मानकर उन्हीं की वाणी के अनुसार चलने के लिए अपने अनुयायियों को प्रेरित किया।




## गुरु गोविंद सिंह समाज सुधारक व एक महान योद्धा थे : विमलेश



**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में धूम धाम से गुरु गोविंद सिंह का जन्म दिवस मनाया गया। वही कार्यक्रम का शुरूआत प्रधानचार्य व आचार्य आचार्या द्वारा संयुक्त रूप से गुरु गोविंद सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण एव पुष्पार्चन कर प्रारंभ किया गया। प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि गुरुगोविन्द सिंह समाज सुधारक के साथ साथ महान योद्धा भी थे। वैशाखी के दिन गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ का स्थापना किया था। उन्होंने समाज से कई बुराइयों को खत्म करते हुए इंसान को हमेशा निःस्वार्थ भाव से सेवा कार्य करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया है। जिसे समाजिक कार्यों में उनके योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के भैया आशीष कुमार और कार्यक्रम प्रमुख डौली कविता ने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर आचार्य आचार्या और विद्यालय के अन्य भैया बहन उपस्थित थे।

# मकर संक्रांति मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो।** आगामी 14 जनवरी को प्रखंड क्षेत्र के खरता में आयोजित होने वाली मकर संक्रांति मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर सोमवार को प्रखंड के खरता अखड़ा में बैठक आयोजित किया गया। जिसमें मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर में रंगरोगन करने से लेकर अतिथियों को बुलाने व स्वागत करने के साथ ही मेला व्यवस्था पर चर्चा किया गया। ग्रामीणों ने आपसी सहयोग के माध्यम से होने वाली रंगारंग कार्यक्रम में बढ़चढ़ सहयोग करने की बात कही। साथ ही इस बार दोपहर 11 बजे से ही झारखण्ड के मशहूर कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ करने पर निर्णय लिया गया। मेला में मंत्री, सांसद, विधायक सहित दर्शकों व भक्तों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संतोष भगत, बन्धु उरांव, राजकुमार टाना भगत, राजू उरांव, जगरनाथ उरांव, बहादुर उरांव, कर्मबीर महली, जागे टाना भगत, बासुदेव टाना भगत, चरवा उरांव, मिर्जा उरांव सहित ग्रामीण थे।

# भाजपा के सदस्यता अभियान में लोगों ने बढ़ चढ़कर लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भाजपा के द्वारा जिले के कोर्ट कंपाउंड अधिवक्ता भवन में सदस्यता अभियान चलाया गया। सदस्यता अभियान मे बढ़ चढ़कर लोगों ने भाग लिया। सदस्यता अभियान एक महापर्व अभियान के तरह मनाया जा रहा है। जिसमें लोगों से संपर्क कर भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता ग्रहण कराया जा रहा है। सदस्य बनने के लिए 8800002024 डायल करें। जिसमें आज भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, भारतीय जनता पार्टी का नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू,भाजपा नेता रिपु सूदन, नगर प्रभारी नवीन कुमार टिंकू, अभियान सहसंयोजक अशोक कसकर, भाजपा नेता चंदन गोयल, प्रभ्रुद्ध प्रकोष्ठ के संयोजक अनिल पांडे, भाजपा नेता देवाशीष कर, तरुण देवघरिया, आदि भाजपा नेता गण उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### लोहरदगा के व्यवसायी दंपति ने भंडरा में किया कंबल वितरण



**भंडरा।** लोहरदगा के व्यवसायी सह समाजसेवी दंपति पद्मलोचन लाल और लीला देवी ने अपनी परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सोमवार को भंडरा नवडिहा चौंक स्थित हरियाली बीज भंडार के समीप जरूरतमंद वृद्ध महिला पुरुषों के बिच कंबलों का वितरण किया। उक्त परिवार के हांथों पिछले पांच वर्षों से लगातार जरूरतमंदों को ठंड से राहत देने के उदेश्य से कंबलों का वितरण किया जा रहा है। दंपति के साथ सुषमा देवी, निरुपा देवी, संध्या देवी, अनुप्रिया, अन्सोका मित्तल, वैष्णवी कुमारी, हर्षित मित्तल, अजीत अग्रवाल, सुरेश साहू, लीलावती देवी, अंजली देवी, संदीप कुमार, अनन्या कुमारी आदि परिवार के सदस्यों ने कंबल वितरण में सहयोग दिया। क्षेत्र के करीब एक सौ जरूरतमंद दिव्यांग व वृद्धों को कंबल के साथ बिस्किट व कुछ को अंगवस्त्र दिया गया। कंपकंपाती इस ठंड में कंबल पाकर सभी सहदय उक्त परिवार को आशीर्वाद दिया। मौके पर समाजसेवी पद्मलोचन लाल ने कहा कि वृद्धों की सेवा संसार की सबसे बड़ी सेवा है। ठंड में कंबल से उन्हें राहत मिले, यही मेरी इच्छा है। आने वाले दिनों में भी इसी तरह जरुरतमंदों का सेवा करता रहूंगा।

### बिमरला खनन क्षेत्र में ठंड से बचाव के लिए वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण

**लोहरदगा।** बिमरला खनन क्षेत्र में हिंडालको सीएसआर के तहत बढ़ते ठंड से बचाव के लिए वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण किया गया। बिमरला अंतर्गत ग्राम बरांगपाट घोड़ा पत्थर, कोरले, डेमाडीह आदि ग्राम के वृद्ध जनों के बीच ग्रामीण के सहयोग से एवं अधिकारियों के मार्गदर्शन में कंबल का वितरण किया जा रहा है। अब तक 150 कंबल का वितरण वृद्ध जनों के बीच बढ़ती ठंड से बचाव हेतु उन्हें प्रदान किए गए हैं। कार्यक्रम का मार्गदर्शन बिमरला के खान प्रबंधक किरण शंकर सिंह ने किया एवं सहयोग अन्य अधिकारी गण जिनमें सीएसआर विभाग के अभय भारती, सहायक प्रबंधक चंद्रकांत दुबे, अनुज सिंह, भूगर्भ शास्त्री प्रत्यूष कुमार रावत, धर्मेंद्र कुमार, कृष्णा शर्मा, नागेंद्र सिंह, सुजीत झा, प्रज्वल साहू, ग्रामीण अंकित उराव, विनय भुइयां, जयमंगल उरांव, सुरेश उरांव, एवं महिला समूह के सदस्य गण सहयोग कर रहे हैं।

### लॉज के कमरे से एक युवक का शव संदेहास्पद अवस्था में बरामद

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के न्यू रोड स्थित लोहरदगा लॉज के कमरे से एक युवक का शव संदेहास्पद अवस्था में बरामद किया गया है। मृतक की पहचान लोहरदगा शहरी क्षेत्र के राणा चौक धोबी मुहल्ला रोड निवासी रामप्रसाद गुप्ता के पुत्र राजीव कुमार गुप्ता (40 वर्ष) के रुप में हुई है। सदर थाना पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई कर रही है।

### दो बंद घरों का ताला काटकर सामान की चोरी

**कुडू।** कुडू थाना क्षेत्र के जिलिंग में रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने दो भाइयों के घरों का ताला तोड़कर घर मे रखे सामान पर हाथ साफ कर दिया। उल्लेखनीय है कि कुडू रांची मुख्य पथ एनएच75 पर स्थित ग्राम जिलिंग निवासी राजेश भारती और छोटे भाई धीरज भारती रोजी रोटी के लिए सपरिवार घर से बाहर गए हुए थे। घर बंद देख चोरों ने वारदात को अंजाम दिया और उससे पहले चोरों ने पड़ोसी भीम भारती के घर को बाहर से बंद कर दिया था।

### रघुटोली में डालसा ने कंबलों का किया वितरण



**लोहरदगा।** जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत रघुटोली में सोमवार को कड़ाके की ठंड से निजात पाने के लिए गरीब, असहाय और जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सचिव राजेश कुमार, हिंडाल्को सीएसआर प्रमुख के नीरज कुमार व हिंडाल्को लीगल विभाग के अनिल कुमार पाठक उपस्थित रहे। वहीं डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि शहरी क्षेत्र और विभिन्न पंचायतों में हिंडाल्को लिमिटिड कंपनी के माध्यम से प्राप्त 500 कंबल का वितरण जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा किया जा रहा है। डालसा कार्यालय अंतर्गत विभिन्न थानों, ब्लॉकों, पंचायतों, सदर अस्पताल, जेजेबी, सीडब्ल्यूसी, सखी वन स्टॉप सेंटर में प्रतिनियुक्ति पीएलवी के माध्यम से लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया जा रहा है। साथ ही न्यायिक पदाधिकारियों के द्वारा भी क्षेत्र भ्रमण कर लोगों को ठंड से बचने के लिए कंबल का वितरण किया जा रहा है। वहीं डालसा सचिव ने कहा कि ठंड काफी बढ़ गई है। ऐसे में आप अपना अच्छे से ख्याल रखें। ठंड से बचने का प्रयास करें। अनावश्यक घर के बाहर नहीं निकालें। मौके पर पीएलवी गौतम लेनिन, मंजू खाखा, रोहित कुमार, शाहिद हुसैन, अजहर अहमद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जमीन विवाद को लेकर दो भाइयों में मारपीट, एक घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के डोरोटोली गांव में भूमि विवाद को लेकर दो भाइयों के बीच हुई हिंसक झड़प में एक भाई घायल हो गया। घटना में घायल हुए भाई 22 वर्षीय विकास उरांव पिता गंदुर उरांव ने कुडू थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया है कि रविवार को वह अपने जमीन पर मंदिर बना रहा था तभी उसके भाई सुनील उरांव और भौजाई पूनम उरांव ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पहले लाठी से पिटाई की और बाद में ईंट से छाती पर वार किए। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। किसी प्रकार विकास की पत्नी ने उसे छुड़ाया और कुडू अस्पताल पहुंचाया जहां उसका उपचार चल रहा है।

# विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनाई गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु गोविंद सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रीति कुमारी गुप्ता ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी आजीवन सिखों के मार्गदर्शक बने रहे और हिंदू धर्म की रक्षा कर उन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई। प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह का पूरा जीवन बलिदानों और त्याग से भरा हुआ है, उनसे हमें सीख लेनी चाहिए। कार्यक्रम में रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, नीतू कुमारी, सनोज कुमार साहू, सत्यम सतलज, आरती भगत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं भैया- बहन उपस्थित थे।

### बैल बांधते समय रस्सी गले में फंसी बाल-बाल बचा युवक



**कुडू - लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के उमरी गांव में सोमवार की सुबह एक युवक की जान पर बन आई जब खेत मे बांधने लिए बैल को ले जारहे उमरी निवासी बिरसा उरांव 38 पिता बसवा उरांव के गले में फंदे की तरह फंस गयी। और बैल उसे कुछ देर तक घसीटता चला गया। बाद में आसपास के लोगों की नजर उसपर पड़ी, लोगों ने बैल को पकड़ा तब जाकर उसकी जान बच पाई। घायल बिरसा को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज किया गया।

### कुडू का टेंपू मांडर चौक से दिनदहाड़े चोरी, प्राथमिकी दर्ज



**कुडू - लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के जिंगी निवासी मनोज साहू का टेंपो नंबर जेएच 08 डी - 4276 की रविवार दिनदहाड़े मांडर चौक से अज्ञात चोर लेकर फरार हो गए। भुक्तभोगी ने बताया कि वह रांची से लौटने के क्रम में मांडर चौक में अपना टेंपो सड़क के किनारे खड़ा कर कुछ सामान खरीदने सड़क के दूसरे ओर गए थे। मुश्किल से पांच मिनट बाद लौटने पर टेंपू गायब था। मनोज ने तत्काल इसकी सूचना मांडर थाना को दी। सूचना के बाद मांडर पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमे टेंपो को चानहो रोड में जाते देखा गया। हालांकि इसके बाद कहीं कोई फुटेज भी नहीं मिल पाया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने अनेक जगहों पर टेंपो का पता लगने प्रयास किया, लेकिन टेंपो नहीं पता चला। ज्ञात हो कि मनोज साहू के परिवार का एकमात्र सहारा यह टेंपो था। इसके चोरी हो जाने से उसके परिवार के समक्ष विकट समस्या उत्पन्न हो गयी है।

# मजदूरों को उनका हक दिलाना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है : सांसद सुखदेव भगत

- *हिंडालको मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराए बगैर अनलोडिंग स्टेशन को बंद कर मजदूरों पर किया है शोषण*
- *मजदूरों ने कहा कि कंपनी अगर हमारी मांगे नहीं मानती है तो अगला कार्यक्रम हिंडालको मुख्यालय का घेराव होगा*



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत हिंडालको द्वारा संचालित लोहरदगा अनलोडिंग परिसर में ट्रक अनलोडर मजदूर संघ का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अनिल उरांव ने किया ।इस कार्यक्रम में लोहरदगा लोकसभा के सांसद सह कोयला ,इस्पात एवं खनन मंत्रालय लोकसभा के स्थायी समिति के सदस्य सुखदेव भगत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे ।मौके पर मजदूरों ने अपनी समस्याओं से सांसद को अवगत कराते हुए उन्हें न्याय दिलाने एवं मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग किए। मौके पर उपस्थित मजदूरों को संबोधित करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि वह मजदूरों के द्वारा आयोजित आंदोलन में वह उनके साथ हैं क्योंकि हिंडालको कंपनी ने दोहरे चरित्र को अपनाते हुए मजदूरों के ऊपर शोषण करने का काम किया है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सांसद ने कहा कि सैकड़ो ट्रक अनलोडर मजदूर विगत 17 वर्षों से यहां काम करते आ रहे हैं और हिंडाल्को कंपनी बिन मजदूरों को सूचना दिए एवं रोजगार उपलब्ध कराए बगैर दो माह से अलोडिंग स्टेशन को बंद कर दिया है जिसके कारण हजारों मजदूर प्रभावित हुए हैं। मजदूरों के समझ भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मजदूर अपने बच्चों की फीस की राशि नहीं दे पा रहे हैं ।देश के निर्माण में मजदूरों का बहुत बड़ा योगदान होता हैऔर हिंडाल्को मजदूरों के साथ अन्याय कर रही है जो न्याय संगत नहीं है। कंपनी प्रदूषण को लेकर अगर ट्रकों का परिचालन बंद किया है तो रोपवे से भी प्रदूषण होगा। हिंडाल्को के दोहरे नीति से हजारों मजदूरों का रोजगार समाप्त हो गया। कंपनी को हर हाल में मजदूर का वैकल्पिक व्यवस्था कर ही अनलोडिंग स्टेशन को बंद करना चाहिए था। किसी भी कंपनी को रोजगार उपलब्ध कराना होता है ना कि रोजगार छिनना। सांसद ने कहा कि पीठ में लात मारोगे तो चलेगा लेकिन पेट में लात मारोगे तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।सांसद ने मजदूरों को भरोसा दिलाया कि वे आपके आंदोलन एवं सुख-दुख में आपके साथ हैं और हिंडाल्को कंपनी से वे रोजगार दिलवाने का प्रयास करेंगे और अगर जरूरत पड़ा तो मुख्यमंत्री एवं श्रम मंत्री से भी वार्ता करेंगे। सांसद मजदूरों के साथ रोपवे स्थल पर गए जहां 10 दिन पूर्व रोपवे का 22 ट्रॉली गिर गया था। सांसद ने रोपवे का निरीक्षण करते हुए कहा कि लोहरदगा जिलावासी सौभाग्यशाली रहे की हादसा में किसी का जान माल का नुकसान नहीं हुआ। हिंडालको प्रशासन के लापरवाही से यह घटना घटी है क्योंकि इसे अब चलाने के लिए प्राइवेट कंपनी को दे दिया गया है। इस घटना का दोषीवर हिंडालको कंपनी है और जिला प्रशासन का लापरवाही है जो इस मामला को संज्ञान में लेकर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किया है ।मौके पर सांसद ने अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिला प्रशासन एवं हिंडालको कंपनी कोआर्डिनेशन कर पूर्ण रूप से संतुष्ट होने के बाद ही रोपवे को चालू करेंगे और इसकी जानकारी मुझे देंगे। बिना संतुष्ट हुए अगर रोपवे को चालू किया जाता है और इस बीच कोई हादसा होता है तो हिंडालको एवं जिला प्रशासन इसका दोषी वार होगा ।मौके पर मजदूरों ने कहा कि हिंडालको कंपनी हमें रोजगार उपलब्ध नहीं करती है तो अगला कार्यक्रम हिंडालको मुख्यालय का घेराव और उसके आगे चक्का जाम भी संवैधानिक प्रक्रिया के तहत मजदूर करेंगे। मौके पर प्रेमचंद महतो, मनोज सोन तिर्की, विनोद उरांव, रवि महली, प्रदीप उरांव, बुद्धिमान टोप्पो, ननका अंसारी, रूपा उरांव, फूलमनी उरांव सुधा उरांव, बिमला उरांव धर्मदेव उरांव, आलोक कुमार साहू, शाहिद अहमद बेलू, अनिल कुमार, साजिद अहमद, कुणाल अभिषेक, रवि रोशन बेक राजू कुरैशी, अनवर अंसारी रितेश सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

## एक नजर

### 16 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के घाघरा जुड़वानी निवासी स्वर्गीय तिवारी बृजिया की पुत्री लीलामणि बृजिया 16 वर्षीय ने अपने घर में ही रविवार को साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर मृतका के भाई फुले ब्रिजया पुलिस को बताया कि पिछले 1 सालों से मेरी बहन गांव के ही संजय बृजिया के साथ वह रह रही थी परंतु संजय बृजिया के द्वारा उसे मारपीट किया जाता था दिनांक 2 जनवरी को भी संजय ने मेरी बहन के साथ मारपीट किया था तो मेरी बहन मेरे घर आ गई थी। रविवार को मैं और मेरी बहन और मेरी पत्नी बनालत बाजार जा रहे थे तभी संजय पहुंचा और डंटे से मेरी बहन को मरने लगा मैंने बचाने का प्रयास किया।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक घायल इलाज के दौरान मौत



**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के डुमरडीह स्थित शिव होटल के समीप रविवार रात एक तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से सड़क पार कर रहे 36 वर्षीय युवक विकास कुमार सिंह (पिता शिव शंकर सिंह) की मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक घटनास्थल से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। परंतु किसी कारणवश उसे रिम्स नहीं ले जाया जा सका, और सदर अस्पताल के आईसीयू में इलाज के दौरान सोमवार सुबह 10 बजे उसकी मौत हो गई।

### जेएलकेएम का मिलन समारोह आज

**गुमला।** जेएलकेएम का गुमला विधानसभा स्तरीय मिलन समारोह 2025, 7 जनवरी को परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का नेतृत्व गुमला विधानसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी निशा भगत करेंगी। मिलन समारोह में करीब 50 से अधिक विभिन्न राजनीतिक दलों और संगठनों के सदस्य झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा में शामिल होंगे। इस मौके पर जिला संयोजक हंदू भगत, जिला अध्यक्ष रघुनंदन उरांव और जिला महिला अध्यक्ष यसोदा देवी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# तापमान में गिरावट, प्रशासन की लापरवाही से लोग परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में सर्दी ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। ठंड के कारण सुबह 7 बजे के बाद लोग अपने प्रतिष्ठान बंद कर घरों रोड सन्नाटा पर चढ़ जाता है लोग में दुबकने को मजबूर हैं। पिछले कुछ दिनों से चैनपुर में ठंड की तीव्रता में अत्यधिक वृद्धि हुई है, जिससे आम जीवन पर गंभीर असर पड़ा है। स्थानीय छोटू कुमार, सुरजन कुमार दुकानदार ठंड से निपटने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कुछ दिन पहले प्रशासन की ओर से अलाव की व्यवस्था की गई थी, लेकिन वह भी अब समाप्त हो चुकी है। ठंड का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है जिससे बुजुर्गों और बच्चों पर विशेष रूप से बुरा प्रभाव पड़ रहा है। हर साल सर्दियों में प्रखंड प्रशासन द्वारा कंबल वितरण की व्यवस्था की जाती है, लेकिन इस बार जनवरी का महीना आने के बावजूद अभी तक कंबल का वितरण नहीं किया गया है। इससे बुजुर्गों और जरूरतमंद लोगों में भारी चिंता का माहौल है। हाल ही में ठंड लगने के कारण एक वृद्ध व्यक्ति की मौत का मामला भी सामने आया है, लेकिन प्रशासन इस मुद्दे पर सक्रिय नहीं हुआ है। रवि कुमार, रोहित कुमार, बीरेंद्र, जावेद, बिद्धु, छोटू, अजय सहित कई लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि जल्द से जल्द ठंड से लड़ने के लिए सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। अगर इसी तरह से ठंड का सामना नहीं किया गया तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। चैनपुर के निवासियों रोहित, बसन्त का कहना है कि इस ठंड में उचित उपायों के बिना, उनकी जान और स्वास्थ्य दोनों को खतरा हो सकता है। प्रशासन को चाहिए कि वह इस संकट का समाधान तुरंत निकाले और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

# सेव योर लाइफ संस्था ने गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सेव योर लाइफ संस्था ने सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई। इस अवसर पर संस्था के सचिव संतोष झा ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करने और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनका जन्म 1666 में गुरु तेग बहादुर और माता गुजरी देवी के घर हुआ था, और उन्होंने केवल 42 वर्ष के अपने जीवनकाल में सिख धर्म को सशक्त और संगठित किया। संतोष झा ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह ने 1699 में खालसा पंथ की स्थापना कर समाज में सामाजिक समानता का संदेश दिया। उन्होंने सभी वर्गों के लोगों को पांच प्यारे के रूप में शामिल किया और उन्हें अमृत प्रसाद चखाकर जाति, धर्म और भेदभाव को समाप्त करने की प्रेरणा दी। गुरु गोविंद सिंह ने 17 धर्म युद्ध लड़े और हर बार विजयी रहे। उनके चार पुत्रों ने धर्म और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनके शब्द 'चार मुए तो क्या हुआ, जीवित चार हजार' आज भी धर्म और देशभक्ति के प्रति प्रेरणा का स्रोत हैं।

गुरु गोविंद सिंह ने सिख समाज को केश, कड़ा, कंघा, कच्छ और कृपाण जैसे पांच सिद्धांत दिए, जो आज भी सिख धर्म की पहचान हैं।

### गुरु गोविंद सिंह जी की 358वीं जयंती मनाई गई व उनके बलिदानों को किया गया याद



**सिसई (गुमला)।** 6 जनवरी सोमवार को रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा,में सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती भव्यता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा के साथ अभिभावक प्रतिनिधि घनश्याम आर्य एवं सभी आचार्य बंधु भगिनी ने दीप प्रज्वलित करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण किया। प्रधानाचार्य ने अतिथि परिचय कराते हुए गुरु गोविंद सिंह जी के बलिदान को स्मरण कराते हुए उन्होंने बताया कि गुरु गोविंद सिंह ने अपना जीवन देश और धर्म के लिए न्योछावर कर दिए। साथ ही उनका समस्त परिवार भी देश और धर्म के लिए शहीद हो गए। उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की जिसे हम सीख धर्म के नाम से भी जानते हैं। सिखों की पहचान के लिए उन्होंने पंच ककार यानी केस, कंघी, कृपाण, कच्छा और कड़ा धारण करने के लिए कहा। जो आज भी सीख समुदाय के लोग धारण करते हैं। वही सिखों के अंतिम गुरु हुए। उसके बाद गुरु ग्रंथ साहिब को गुरु बना दिया गया। अतिथि घनश्याम जी ने भैया- बहनों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए कहा। विद्यालय के अन्य भैया -बहनों ने भी उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

### पत्रकारों ने बस्तर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या की निंदा की

**गुमला।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के मामले ने पूरे पत्रकारिता जगत को झकझोर दिया है। इस जघन्य घटना के विरोध में गुमला जिले के पत्रकारों की एक आपात बैठक गुमला परिषद में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र कुमार सिंह ने की। बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने एक स्वर में इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला है। उन्होंने मांग की कि इस हत्या में शामिल दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए। साथ ही, पीड़ित परिवार को सरकारी नौकरी और आर्थिक सहायता प्रदान की जानी चाहिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि गुमला जिले के पत्रकार एकजुट होकर महामहिम राज्यपाल के नाम उपायुक्त गुमला को ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन में पत्रकारों की सुरक्षा, उनके अधिकारों और अन्य आवश्यक मांगों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस ज्ञापन कार्यक्रम में जिला मुख्यालय के पत्रकारों के साथ-साथ प्रखंड स्तर के पत्रकारों को भी आमंत्रित किया जाएगा, ताकि इस मुद्दे पर व्यापक समर्थन सुनिश्चित हो सके।

## प्रधान जिला जज व डीसी ने किया गुमला मंडल कारा का निरीक्षण

**बंदियों से की सीधी बातचीत**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और झालसा के निदेशानुसार, शनिवार को गुमला मंडल कारा में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और उपायुक्त गुमला के नेतृत्व में संयुक्त निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और सिविल सर्जन गुमला भी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारा में बंदियों से बातचीत कर उनके साथ जाति, धर्म, लिंग आदि के आधार पर किसी प्रकार के भेदभाव की स्थिति का आकलन किया। बंदियों ने स्पष्ट रूप से बताया कि कारा प्रशासन की ओर से किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता। सभी बंदी एक साथ भोजन करते हैं, अध्ययन करते हैं और बिना किसी भेदभाव के बैरकों में रहते हैं। प्रधान जिला जज और उपायुक्त ने बंदी पुस्तिका का भी अवलोकन किया। उन्होंने पाया कि पुस्तिका में बंदियों की जाति या धर्म का कोई उल्लेख नहीं है। कारा प्रशासन ने भी पुष्टि की कि इस प्रकार की जानकारी दर्ज नहीं की जाती। निरीक्षण के दौरान बंदियों से वकीलों की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली गई। बंदियों ने बताया कि सभी का अपना वकील है और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विजिटर अधिवक्ता नियमित रूप से कारा में आकर कानूनी सहायता प्रदान करते हैं। निरीक्षण टीम ने बंदियों की शिकायतों को सुना और कारा प्रशासन द्वारा मानवाधिकारों के पालन और बिना भेदभाव की नीति की सराहना की।

# लूटपाट करने वाला आरोपी गिरफ्तार हथियार समेत कई सामान बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** भरनो थाना क्षेत्र के गडरीटोली गांव निवासी 19 वर्षीय भुनेश्वर उरांव को भरनो पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में भरनो थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में गुमला एसडीपीओ सुरेश कुमार यादव और थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने जानकारी दी कि 10 दिसंबर 2024 को आतकोरा गांव के पास भारत फाइनेंस कंपनी के सिसई ब्रांच के संगम मैनेजर बासुदेव सिंह से हथियार का भय दिखाकर तीन अज्ञात अपराधियों ने 1 लाख 15 हजार रुपए नगद, एक मोबाइल, एक टैब और अन्य उपकरण लूट लिए थे।

इस मामले में भरनो थाना कांड संख्या 64/24 दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार सुबह 7:30 बजे भरनो बालिका उच्च विद्यालय के पास संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने लूटकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और यह भी खुलासा किया कि उसने 12 दिसंबर को गुमला थाना क्षेत्र के टोटो-आंजन रोड में मसाला कारोबारी अनूप गुप्ता के घर में भी लूटपाट की थी। पुलिस ने आरोपी के पास से दो देशी कट्टा, चार जिंदा कारतूस, एक मोटरसाइकिल, एक मोबाइल और 4,600 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि लूटकांड में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान जारी है।

छापेमारी दल में थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, एसआई अर्जुन कुमार यादव, मंटु चौधरी, अभिनंदन कुमार, अजय कुमार गुप्ता और त्रिवेणीकांत ओझा सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**गुमला में झारखंड पुलिस एसोसिएशन चुनाव**

## सार्जेंट टीम ने पांचों पदों पर जमाया कब्जा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला स्थित पुलिस एसोसिएशन शाखा का चुनाव गहमा-गहमी भरे माहौल में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। चुनावी प्रक्रिया में 338 वोटरों में से 290 ने अपने मत का प्रयोग किया। सार्जेंट टीम ने सभी पांच पदों पर जीत दर्ज की।अध्यक्ष पद पर सार्जेंट मेजर अभिमन्यु कुमार ने पुअनि हिमांशु शेखर सिंह को हराया। उपाध्यक्ष पद पर पुअनि लिखन हेम्ब्रम ने सुकरा भगत को पराजित किया। सचिव पद पर सअनि मनोज पासवान ने सअनि वीरेंद्र प्रसाद को हराया। कोषाध्यक्ष पद पर सअनि रविंद्र कुमार सिंह ने पुअनि विनय कुमार महतो को मात दी। संयुक्त सचिव पद पर सअनि मोहम्मद इसहाक अंसारी ने सअनि थॉमस केरकेट्टा को हराया।चुनाव प्रक्रिया गढ़वा जिला पुलिस एसोसिएशन के पर्यवेक्षकों की देखरेख में सम्पन्न हुई। विजेता पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समर्थकों ने विजेताओं को फूल-मालाओं से सम्मानित करते हुए जमकर नारेबाजी की।

# विकास भारती बिशुनपुर के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट, नववर्ष पर दी शुभकामनाएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के विकास भारती बिशुनपुर के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार जी से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की और उन्हें नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर पद्मश्री अशोक भगत ने विकास भारती द्वारा उत्पादित सामग्रियों को राज्यपाल को भेंट स्वरूप प्रदान किया। इनमें संस्था द्वारा तैयार किए गए स्थानीय उत्पाद शामिल थे, जो झारखंड की सांस्कृतिक और आर्थिक समृद्धि को दर्शाते हैं। भेंट के दौरान दोनों के बीच सामाजिक गतिविधियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने विशेष रूप से आदिम जनजातियों और अनुसूचित जनजातियों के समग्र विकास के लिए चल रही योजनाओं और संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए। राज्यपाल ने विकास भारती द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की और संस्था के प्रयासों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

**12 जनवरी को पासवान समाज का मिलन समारोह**

# उत्कृष्ट प्रतिभाएं होंगी सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** पासवान समाज (दुसाध) का मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम आगामी 12 जनवरी को गुमला जिले के खरका गांव स्थित बांकी नदी तट पर आयोजित होगा। इस समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों, किसानों, कलाकारों, और खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी पासवान युवा सेना जिला अध्यक्ष शनि पासवान ने रविवार को सिसई रोड गांधी नगर में आयोजित बैठक में दी। समारोह के दौरान नशापान पर सख्त प्रतिबंध रहेगा। नशा करके आने वाले व्यक्तियों को कार्यक्रम में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। महिलाओं और बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। समाज के कलाकार गीत और संगीत प्रस्तुत करेंगे। समाज के प्रबुद्ध लोगों और नेताओं को आमंत्रित किया गया है, जिनमें लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत और स्थानीय विधायक भी शामिल हैं।

शनि पासवान ने युवाओं से नशा छोड़ने, शिक्षा पर ध्यान देने, और स्वरोजगार को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पासवान युवा सेना का गठन समाज के उत्थान और एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया है, और समाज के लोग तेजी से इससे जुड़ रहे हैं। बैठक में पासवान युवा सेना जिला कमेटी का विस्तार किया गया, और अध्यक्ष द्वारा नई पदाधिकारी सूची जारी की गई। अगले महीने प्रबुद्ध लोगों की बैठक में जिला दुसाध समाज के नए पदाधिकारियों का चुनाव और महिला जिला कमेटी का गठन किया जाएगा।

समारोह में रांची और अन्य जिलों से भी समाज के प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित किया गया है।

बैठक में मोहन पासवान, राजकुमार पासवान, पवन कुमार, विनोद पासवान, संदीप पासवान, करण पासवान, नकुल पासवान, मुकेश पासवान, दुर्गा राम, उमेश राम, गंगा पासवान, अमरनाथ पासवान, और अन्य प्रमुख सदस्य मौजूद थे।

**रांची के आड्रे हाउस में आयोजित सम्मान समारोह**

## भूपेंद्र नाथ राम को गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार से किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा।** उम्मीद फाउंडेशन के द्वारा हर वर्ष हॉकी के भगवान कहे जाने वाले मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार का आयोजन किया जाता है। इसी निमित्त रविवार को आड्रे हाउस में जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार समारोह 2024 का आयोजन किया गया था। जहां राज्य के 33 खिलाड़ियों और उनके कोच को सम्मानित किया गया। जिसमें गुमला जिला के घागरा प्रखंड मुख्यालय निवासी भूपेंद्र नाथ राम को नेटबॉल खेल के विकास में बतौर कोच सर्वोत्कृष्ट योगदान के लिए गुरु सिलवानुस डूंगडूंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया। घाघरा प्रखंड वासियों के लिए यह गौरव की बात है। यहां बता दें कि यह पुरस्कार खिलाड़ियों, कोचों और खेल से जुड़े संगठनों को झारखंड और झारखंड से बाहर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल क्षेत्र में शानदार और सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाता है।

## न्यूज बॉक्स

### बसिया में डिप्रेशन व शराब के कारण बढ़ रही आत्महत्या की घटनाएं

**गुमला।** बसिया प्रखंड में मानसिक दबाव और डिप्रेशन की समस्या लगातार बढ़ रही है, जिससे युवा वर्ग आत्महत्या की कोशिश कर रहे हैं। इस समस्या ने अब इतना विकराल रूप ले लिया है कि छोटी उम्र के बच्चों से लेकर शादीशुदा लोग भी मानसिक तनाव के कारण जहर खाकर अपनी जान देने की कोशिश कर रहे हैं। रेफरल अस्पताल बसिया में हाल ही में एक हफ्ते में जहर खाकर आए दर्जन भर से ज्यादा मरीजों का इलाज किया गया, जिनमें से एक की मौत भी हो गई। कई अन्य मरीजों की नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए अन्य अस्पतालों में रेफर किया गया।बसिया रेफरल अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ. विजय लकड़ा ने बताया कि जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश के मामलों में शराब का नशा भी एक प्रमुख कारण है। कई महिलाएं शराबी पति से तंग आकर आत्महत्या की कोशिश करती हैं, तो वहीं कुछ युवा और पुरुष शराब के नशे में जहर खाकर अपनी जान देने की कोशिश कर रहे हैं। इन घटनाओं ने पूरे परिवार को मानसिक और आर्थिक परेशानी में डाल दिया है, जबकि आत्महत्या की यह कोशिशें समुदाय में गहरी चिंता का कारण बन चुकी हैं।

### सांसद सुखदेव भगत बने एम्स के स्थायी सदस्य, मयूरी ट्रस्ट ने दी बधाई



**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत को देवघर एम्स का स्थायी सदस्य बनाए जाने पर मयूरी ट्रस्ट ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। ट्रस्ट के निदेशक बसंत कुमार गुप्ता ने इस उपलब्धि को क्षेत्र के लिए लाभदायक बताते हुए गुमला में एम्स निर्माण और रेल लाइन विस्तार की चिरलंबित मांग को लेकर सरकार से ठोस कदम उठाने की अपील की है। बसंत कुमार गुप्ता ने कहा कि परमवीर अल्बर्ट एक्का, शहीद तेलंगा खड़िया और स्वर्गीय कार्तिक उरांव की जन्मभूमि गुमला में एम्स का निर्माण होना चाहिए। इससे न केवल झारखंड, बल्कि ओडिशा और छत्तीसगढ़ के नागरिकों को भी उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही मयूरी ट्रस्ट द्वारा सांसद, विधायकों और केंद्र व राज्य सरकार को एम्स निर्माण के लिए पत्राचार किया जाएगा। गुप्ता ने कहा कि गुमला को रेल नेटवर्क से जोड़ने की मांग वर्षों से चली आ रही है। हालांकि, सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। चुनावों में यह मुद्दा उठता जरूर है, लेकिन बाद में इसे अनदेखा कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि रेल लाइन से जुड़ने से गुमला का आर्थिक और सामाजिक विकास तेज होगा। मयूरी ट्रस्ट ने गुमला में एम्स निर्माण और रेल लाइन विस्तार के लिए केंद्र और राज्य सरकार को पत्र भेजने की योजना बनाई है। गुप्ता ने कहा कि गुमला जिले की यह मांग सरकार द्वारा जल्द पूरी होनी चाहिए, ताकि जिले के नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### बजरंग दल की शौर्य यात्रा सफल, सरना सनातनियों की एकजुटता ने बिखेरी चमक



**गुमला।** बजरंग दल द्वारा आयोजित शौर्य यात्रा ने जिले के सभी प्रखंडों से भारी संख्या में सरना सनातनियों की भागीदारी से ऐतिहासिक सफलता हासिल की। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा ने शौर्य यात्रा की सफलता के लिए सभी सरना सनातनियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शौर्य यात्रा में आदिम जनजाति कोरवा भाई-बंधुओं और बनारस से आए हनुमान जी व वानर सेना ने विशेष आकर्षण बढ़ाया। गुमला के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय नागरिकों ने चाय, पानी और बिस्कुट की व्यवस्था कर अतिथियों का स्वागत किया। अजय सिंह राणा ने कहा कि गुमला जिला के सभी प्रखंड, पंचायत, गांव और नगर के सरना सनातनियों ने तन, मन, धन से सहयोग कर हिंदू समाज की एकजुटता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। विहिप के मीडिया प्रभारी रोहित खंडेलवाल ने कहा कि अगर इसी प्रकार समाज का सहयोग और समर्थन मिलता रहा, तो भविष्य में हिंदू समाज के लिए और भी भव्य व ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शौर्य यात्रा ने न केवल धार्मिक एकता का संदेश दिया, बल्कि सामाजिक समरसता का भी परिचय कराया।

### चैंबर चुनाव 2025 मतदाता सूची का प्रथम चरण प्रकाशित, 741 सदस्यों की सूची जारी




**गुमला।** गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के आम चुनाव 2025 हेतु मतदाता सूची के प्रथम चरण का प्रकाशन चेम्बर कार्यालय में किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने यह सूची मुख्य चुनाव पदाधिकारी रमेश कुमार चीनी और सहायक चुनाव पदाधिकारी पवन कुमार अग्रवाल को सौंपी। प्रकाशित सूची के अनुसार आजीवन सदस्यों की संख्या 192 और सामान्य सदस्यों की संख्या 549 है, जिससे कुल मतदाताओं की संख्या 741 हो गई है। मतदाता सूची का फाइनल और अंतिम प्रकाशन 7 जनवरी 2025 को किया जाएगा। यह सूची चेम्बर के कार्यकारी अध्यक्ष और सचिव द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के आधार पर होगी। मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि उपलब्ध कराई गई सूची में किसी प्रकार की त्रुटि या गलती के लिए पूरी जिम्मेदारी कार्यकारी अध्यक्ष और सचिव की होगी, न कि चुनाव पदाधिकारियों की। चुनाव पदाधिकारी केवल नामों में गलती सुधारने का कार्य करेंगे। सभी व्यापारी बंधुओं से अपील की गई है कि वे चेम्बर कार्यालय में आकर अपने प्रतिष्ठान और संचालक प्रतिनिधि का नाम जांच लें। किसी प्रकार की गलती पाए जाने पर तत्काल आवेदन देकर सुधार करवा लें। बाद में किसी भी गलती के लिए चेम्बर के सदस्य जिम्मेदार नहीं होंगे। इस अवसर पर मुख्य चुनाव पदाधिकारी रमेश कुमार चीनी, सहायक चुनाव पदाधिकारी पवन कुमार अग्रवाल, हिमांशु केशरी, दिनेश अग्रवाल, सत्यनारायण पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष दामोदर कसेरा और सचिव बबलू वर्मा मौजूद थे। इस जानकारी को मुख्य चुनाव पदाधिकारी रमेश कुमार चीनी ने दिया।

### भाजपा के सदस्यता अभियान को टोटो में मिला विस्तार, 60 नए सदस्य जुड़े

**गुमला।** भाजपा के सदस्यता अभियान को गति देते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री सह प्रवासी पदाधिकारी मुनेश्वर साहू सोमवार को टोटो पहुंचे। टोटो मंडल अध्यक्ष सनोज वर्मा के आवास पर आयोजित बैठक में बूथ अध्यक्षों और प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान 60 नए सदस्यों को भाजपा में जोड़ा गया। साथ ही, सार्वजनिक स्थानों पर प्राथमिक सदस्य बनाने के लिए मिस्ड कॉल अभियान की जानकारी दी गई। कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्यों की सूची तैयार करने और संगठन को सुदृढ़ बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। मुनेश्वर साहू ने कार्यकताओं को संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि भाजपा का लक्ष्य हर बूथ तक अपनी पहुंच बनाना है और इसके लिए सक्रिय कार्यकर्ताओं का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह, टोटो मंडल अध्यक्ष सनोज वर्मा, एसटी मोर्चा के छोटेलाल उरांव, दिनेश उरांव, शिवा गुप्ता, मनोज तिवारी, हरिनारायण महतो, मनोज केवट, तेतरु गिरी, सिकंदर मांझी, संतोष गुप्ता, सुरेश बड़ाइक समेत कई अन्य भाजपाई उपस्थित रहे।

